कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 24/10/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर रेड रिबन के अंतर्गत एड्स जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर रेड रिबन द्वारा एड्स जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम के अन्तर्गत एचआईवी/एड्स रोगियों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्याख्यान, ''एड्स जागरूकता'' पर फिल्म ''युवाओं की मनो-सामाजिक समस्याओं के लिए उपचारात्मक रणनीतियाँ'' पर व्याख्यान, ''प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए आहार'' पर व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक, ''एचआईवी/एड्स'' पर विशेषज्ञ का दृष्टिकोण, युवा रेड-क्रॉस स्वयंसेवक अंतर्ग्रहण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया।

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य एचआईवी/एड्स से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एचआईवी से संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना और सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

नोडल अधिकारी प्रो. रेशमा लाकेश ने जागरूकता कार्यक्रम से छात्राओं को एड्स के लक्षण, एड्स कैसे फैलता है, एड्स से बचाव के लिए कौन-कौन से सावधानियाँ है, आई.सी.टी. सेंटर तथा ए.आर.टी. सेंटर के बारे में बताने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों को एड्स संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक प्रो. मीनाक्षी अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रभारी प्रो. सुषमा यादव, प्रो. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. चाँदन अफसना, डॉ. वैभवशंकर सोनी, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. कमलेश चेलक, डॉ. खेमराज चन्द्राकर, कु. तबस्सुम, श्री दीपक ठाकुर एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।



प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)